मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-56
29/01/2025

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने कटिहार जिले को दी 166 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 145 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 29 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड की रामपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन परिसर से 166.96 करोड़ रुपये की कुल 145 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 56.50 करोड़ रुपये की 88 योजनाओं का उद्घाटन और 110.46 करोड़ रुपये की 57 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कोढ़ा प्रखंड स्थित रामपुर पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रामपुर पंचायत सरकार भवन स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, मनरेगा भवन, पैक्स भवन और लोक सेवाओं का अधिकार केंद्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन के पूरे परिसर का निरीक्षण किया और पंचायत ज्ञान केंद्र तथा पंचायत सरकार भवन के विभिन्न भागों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवन बढ़िया बना है। एक ही जगह पर लोगों की सभी समस्याओं का समाधान होगा और उन्हें सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र, कटिहार के बच्चों से मुलाकात कर शैक्षणिक कार्यों की जानकारी ली और उन्हें पढ़ने–लिखने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुर का भी निरीक्षण किया और वहां के बच्चों से बात कर शैक्षणिक कार्य आदि की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का फीता काटकर उद्घाटन किया और वहां मौजूद खिलाड़ियों से मुलाकात की। साथ ही पढ़ने के साथ–साथ खेलने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 4647 स्वंय सहायता समूह को 38 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, 2713 जीविका दीदी परिवार को 11 करोड़ 30 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 6430 स्वयं सहायता समूह को 306 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, 1075 जीविका दीदियों को 2 करोड़ 89 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूह की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम 'जीविका' दिया और इनसे जुड़ी महिलाओं का नाम 'जीविका दीदी' दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने 'आजीविका' के नाम से पूरे देश में इसे लागू किया। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो

गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं, आपलोग बहुत आगे बढ़ें, खूब तरक्की करें।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्टार्टअप योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और जिला गव्य विकास योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजेंद्र स्टेडियम स्थित प्रस्तावित स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम का जायजा लिया और वहां उपस्थित खिलाड़ियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स का अच्छे से निर्माण कराइए ताकि बच्चे अच्छे से खेल सकें, दौड़ सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने कटिहार जिला अंतर्गत पथ निर्माण संबंधी विभिन्न क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली। कटिहार जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या 98 (कटिहार–बलरामपुर) पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि इसकी लंबाई 62.882 कि0मी0 होगी। इसकी प्रस्तावित लागत राशि 702.598 करोड़ रुपये होगी। कटिहार जिला अंतर्गत कटिहार रेल मंडल के (कटिहार–मुकुरिया) एवं (कटिहार–जोगबनी) साहेबपारा चौक के बीच रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि इसकी लंबाई 1070.20 मी0 होगी और इसकी लागत 192. 63 करोड़ रुपये होगी। मुख्यमंत्री को गोगाबिल झील के संबंध में रेखा चित्र के माध्यम से विकास कार्यों की जानकारी दी गयी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे अच्छे ढंग से विकसित कराइये।

मुख्यमंत्री ने शरीफगंज में अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया और इस दौरान अल्पसंख्यक विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान परिसर में लगाए गए अल्पसंख्यक विभाग से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुस्लिम परित्यक्ता तलाकशुदा महिला सहायता योजना की लाभुकों को 25 हजार रुपये, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के लाभुकों को 15 हजार रुपये तथा मुस्लिम स्नातक छात्राओं को 50–50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों को भी 3 लाख 75 हजार रुपये तथा 16 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व अमदाबाद प्रखंड के गोगाबिल झील का मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री सह कटिहार जिला के प्रभारी मंत्री श्री नीरज कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद, विधायक श्री विजय सिंह, विधायक श्रीमती निशा सिंह, विधायक श्रीमती कविता पासवान, पूर्व सांसद श्री दुलालचंद्र गोस्वामी, पूर्व सांसद श्री अहमद अशफाक करीम, पूर्व सांसद श्री संतोष कुशवाहा, पूर्व विधायक श्री हिमराज सिंह, कटिहार जिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 इर्शादुल्लाह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार मंडल,

कटिहार जिला के जिलाधिकारी श्री मनेश कुमार मीणा, कटिहार के पुलिस अधीक्षक श्री वैभव शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******